संदेश

भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव रामजी आम्बेडकर के जन्म दिवस के अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूँ।

डॉ. आम्बेडकर ने एक समाज सुधारक, शिक्षाविद, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनेता और न्यायविद् के रूप में देश और समाज की भलाई के लिए अनवरत संघर्ष किया।

डॉ. आम्बेडकर ने एक ऐसे समाज की परिकल्पना की थी, जिसमें सामाजिक समरसता और समानता का वातावरण हो। अपने इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन, समाज एवं राष्ट्र को समर्पित कर दिया। डॉ. आम्बेडकर ने भारत के लिए एक ऐसे प्रगतिशील और सर्व-समावेशी संविधान की रचना की, जो पिछले अनेक दशकों से, लोकतंत्र में देशवासियों की आस्था को बढ़ाता और मजबूत करता आया है।

आइए, इस अवसर पर हम सब, डॉ. आम्बेडकर के महान व्यक्तित्व, संघर्षों और जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेते हुए उनकी शिक्षाओं और आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लें और एक सशक्त एवं समृद्ध भारत बनाने में अपना योगदान दें। साथ ही, COVID-19 नामक महामारी को ध्यान में रखते हुए, सभी देशवासी 'सोशल डिस्टेंसिंग' के साथ डॉ. आम्बेडकर जयन्ती को घर में रहते हुए अपने परिवार के साथ मनायें ।

****